# राजस्थान की सीमा

❍ 26 जनवरी 1950 को संविधानिक रूप से हमारे राज्य का नाम राजस्थान पडा।

❍ राजस्थान अपने वर्तमान स्वरूप में 1 नवंम्बर 1956 को आया। इस समय राजस्थान में कुल 26 जिले थे।

❍ 26 वां जिला-अजमेर-1 नवंम्बर, 1956

❍ 27 वां जिला-धौलपुर-15 अप्रैल, 1982, यह भरतपुर से अलग होकर नया जिला बना।

❍ 28 वां जिला- बांरा-10 अप्रैल, 1991, यह कोटा से अलग होकर नया जिला बना।

❍ 29 वां जिला-दौसा-10 अप्रैल,1991, यह जयपुर से अलग होकर नया जिला बना।

❍ 30 वां जिला- राजसंमद-10 अप्रैल, 1991, यह उदयपुर से अलग होकर नया जिला बना।

❍ 31 वां जिला-हनुमानगढ़-12 जुलाई, 1994, यह श्री गंगानगर से अलग होकर नया जिला बना।

❍ 32 वां जिला -करौली 19 जुलाई, 1997, यह सवाई माधोपुर से अलग होकर नया जिला बना।

❍ 33 वां जिला-प्रतापगढ़-26 जनवरी,2008, यह तीन जिलों से अलग होकर नया जिला बना।

1. चित्तौडगढ़- छोटी सादडी, आरनोद,प्रतापगढ़ तहसील
2. उदयपुर-धारियाबाद तहसील
3. बांसवाडा- पीपलखुट तहसील

❍ प्रतापगढ जिला परमेशचन्द कमेटी की सिफारिश पर बनाया गया।प्रतापगढ जिले ने अपना कार्य 1 अप्रैल, 2008 से शुरू किया। प्रतापगढ़ को प्राचीन काल में कांठल व देवला/ देवलीया के नाम से जाना जाता था।

## तथ्य

❍ कांठल का ताजमहल - काका साहब की दरगाह।

❍ कांठल की गंगा - माही नदी।

❍ राजस्थान का सबसे बड़ा जिला - जैसलमेर(38401 वर्ग किमी.)।

❍ जैसलमेर भारत का तीसरा सबसे बड़ा जिला है। सबसे बड़ा जिला गुजरात का कच्छ(45,612 वर्ग किमी.) जिला है। दुसरा सबसे बड़ा जिला जम्मू-कश्मीर का लेह जिला है।

❍ राजस्थान का सबसे छोटा जिला - धौलपुर(3033 वर्ग किमी.)।

❍ जैसलमेर, धौलपुर से 12.66 गुणा बड़ा है।

❍ भारत का सबसे छोटा जिला पांडुचेरी का माहे(9 वर्ग किमी.) जिला है।

❍ 2011 की जनगणना की दृष्टि से जयपुर(66.26 लाख) सबसे बड़ा जिला है। वहीं जैसलमेर(6.69 लाख) सबसे छोटा जिला है।

## राजस्थान के जिलों की आकृतियां

- सीकर - प्यालाकार/अर्द्धचंद्राकार
- जैसलमेर - अनियमित बहुभुज
- जोधपुर - ऑस्ट्रेलिया/मयूराकार
- बाड़मेर - अलगभ भारत जैसा
- दौसा - धनुषाकार
- करौली - बतखाकार
- टोंक - पतंगाकार/चतुर्भुजाकार
- अजमेर - त्रिभुजाकार
- भीलवाड़ा - लगभग आयताकार
- चित्तौड़ - घोड़ की नाल सदृश्य

## स्थलीय सीमा

❍ 5920 कि.मी.(1070 अन्तराष्ट्रीय व 4850 अन्तराज्जीय)।

# अन्तराज्जीय

❍ राजस्थान पांच राज्यों के साथ अन्तर्राज्यीय सीमा बनाता है। यह उत्तर में पंजाब, उत्तर-पूर्व में हरियाणा, पूर्व में उत्तर प्रदेश, दक्षिण-पूर्व में मध्यप्रदेश एवं दक्षिण में गुजरात के साथ

अन्तर्राज्यीय सीमाएं बनाता है।

## पंजाब(89 कि.मी)

❍ राजस्थान के दो जिलो की सीमा पंजाब से लगती है।तथा पंजाब के दो जिले फाजिल्का व मुक्तसर की सीमा राजस्थान से लगती है।पंजाब के साथ सर्वाधिक सीमा श्री गंगानगर व न्यूनतम सीमा हनुमानगढ़ की लगती है। पंजाब सीमा के नजदीक जिला मुख्यालय श्री गंगानगर तथा दुर जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ हैं। पंजाब सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला श्री गंगानगर व छोटा जिला हनुमानगढ़ है।

## हरियाणा(1262 कि.मी.)

❍ राजस्थान के 7 जिलों की सीमा हरियाणा के 7 जिलों(सिरसा, फतेहबाद, हिसार, भिवाणी, महेन्द्रगढ़, रेवाडी, मेवात) से लगती है। हरियाणा के साथ सर्वाधिक सीमा हनुमानगढ़ व न्युनतम सीमा जयपुर की लगती है।तथा सीमा के नजदीक जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ व दुर मुख्यालय जयपुर का हैं। हरियाणा सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला चुरू व छोटा जिला झुझुनू है। मेवात(नुह) नवनिर्मित जिला है।जो राजस्थान के अलवर जिले को छुता है।

## उत्तरप्रदेश(877 कि.मी.)

❍ राजस्थान के दो जिलों की सीमा उत्तरप्रदेश के दो जिलों(मथुरा व आगरा) से जगती है। उत्तरप्रदेश के साथ सर्वाधिक सीमा भरतपुर व न्युनतम धौलपुर कि लगती है।उत्तरप्रदेश की सीमा के नजदीक जिला मुख्यालय भरतपुर व दुर जिला मुख्यालय धौलपुर है। उत्तरप्रदेश की सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला भरतपुर व छोटा जिला धौलपुर है।

## मध्यप्रदेश(1600 कि.मी.)

❍ राजस्थान के 10 जिलों की सीमा मध्यप्रदेश के 10 जिलों की सीमा से लगती है।(झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, निमच, अगरमालवा, राजगढ़, गुना, शिवपुरी, श्यौपुर, मुरैना) मध्यप्रदेश के साथ सर्वाधिक सीमा झालावाड़ व न्यूनतम भीलवाड़ा की लगती है।तथा सीमा के नजदीक मुख्यालय धौलपुर व दुर जिला मुख्यालय भीलवाड़ा है।मध्यप्रदेश की सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला भीलवाड़ा व छोटा जिला धौलपुर है।

## गुजरात(1022 कि.मी.)

❍ राजस्थान के 6 जिलों की सीमा गुजरात के 6 जिलों से लगती है। (कच्छ, बनासकांठा, साबरकांठा, अरावली, माहीसागर, दाहोद) गुजरात के साथ सर्वाधिक सीमा उदयपुर व न्युनतम सीमा बाड़मेर की लगती है।तथा सीमा के नजदीक जिला मुख्यालय डुंगरपुर व दुर मुख्यालय बाड़मेर है। गुजरात सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला बाडमेर व छोटा जिला डंुगरपुर है।

❍ राजस्थान से सबसे लंबी अन्तर्राज्यीय सीमा मध्य प्रदेश(1600 किमी.) बनाता है। जबकि सबसे छोटी अन्तर्राज्यीय सीमा पंजाब(89 किमी.) बनाता है। राजस्थान के झालावाड़ जिले की अन्तर्राज्यीय सीमा सबसे लंबी है जो मध्यप्रदेश के साथ लगती है। तथा बाड़मेर जिला सबसे छोटी अन्तर्राज्यीय सीमा बनाता है जो गुजरात से मिलती है।

❍ राजस्थान के परिधिय जिले - 25(गंगानगर, हनुमानगढ़, झुझुनू, चूरू, सीकर , जयपुर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई-माधोपुर, बारां, झालावाड़, कोटा, भीलवाड़ा,

चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर, सिरोही, जालौर, बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर।)

❍ राजस्थान के अन्तर्राज्जीय सीमा वाले जिले - 23(गंगानगर, हनुमानगढ़, झुझुनू, चूरू, सीकर , जयपुर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई-माधोपुर, बारां, झालावाड़, कोटा, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर, सिरोही, जालौर, बाड़मेर।)

❍ राजस्थान के केवल अन्तर्राज्जीय सीमा वाले जिले - 21(हनुमानगढ़, झुझुनू, चूरू, सीकर , जयपुर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई-माधोपुर, बारां, झालावाड़, कोटा, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर, सिरोही, जालौर)

❍ अन्तर्वर्ती जिले 8 हैं जो किसी अन्य राज्य/राष्ट्र के साथ कोई सीमा नहीं बनाते - पाली, जोधपुर, नागौर, अजमेर, दौसा, टोंक, बूंदी, राजसमन्द।

❍ पाली जिले की सीमा सर्वाधिक 8 जिलों से मिलती है - अजमेर, राजसमन्द, सिरोही, उदयपुर, जालौर, बाड़मेर, जोधपुर व नागौर।

❍ राजस्थान के 2 ऐसे जिले है जिनकी अन्तर्राज्जीय एवं अन्तराष्ट्रीय सीमा है- गंगानगर(पाकिस्तान + पंजाब), बाड़मेर(पाकिस्तान+ गुजरात)

❍ राजस्थान के 4 जिले ऐसे है जिनकी सीमा दो - दो राज्यों से लगती है-

- हनुमानगढ़:- पंजाब + हरियाणा
- भरतपुर:- हरियाणा + उतरप्रदेश
- धौलपुर:- उतरप्रदेश + मध्यप्रदेश
- बांसवाड़ा:- मध्यप्रेदश + गुजरात

# अन्तराष्ट्रीय

## रेडक्लिफ रेखा

❍ रेडक्लिफ रेखा भारत और पाकिस्तान के मध्य स्थित है। इसके संस्थापक सर सिरिल एम रेडक्लिफ को माना जाता है। इसकी स्थापना 14/15 अगस्त, 1947 को की गयी। इसकी भारत के साथ कुल सीमा 3310 कि.मी. है।

❍ रेडक्लिफ रेखा पर भारत के चार राज्य स्थित है।

❍

1. जम्मू-कश्मीर(1216 कि.मी.)
2. पंजाब(547 कि.मी.)
3. राजस्थान(1070 कि.मी.)
4. गुजरात(512 कि.मी.)

❍ रेडक्लिफ रेखा के साथ सर्वाधिक सीमा- राजस्थान(1070 कि.मी.)

❍ रेडक्लिफ रेखा के साथ सबसे कम सीमा- गुजरात(512 कि.मी.)

❍ रेडक्लिफ रेखा के सर्वाधिक नजदीक राजधानी मुख्यालय- श्री नगर

❍ रेडक्लिफ रेखा के सर्वाधिक दुर राजधानी मुख्यालय- जयपुर

❍ रेडक्लिफ रेखा पर क्षेत्र में बड़ा राज्य- राजस्थान

❍ रेडक्लिफ रेखा पर क्षेत्र में सबसे छोटा राज्य- पंजाब

❍ रेडक्लिफ रेखा के साथ राजस्थान की कुल सीमा 1070 कि.मी. है। जो राजस्थान के चार जिलों से लगती है।

1. श्री गंगानगर- 210 कि.मी.
2. बीकानेर- 168 कि.मी.
3. जैसलमेर- 464 कि.मी.
4. बाड़मेर- 228 कि.मी.

❍ रेडक्लिफ रेखा राज्य में उत्तर में गंगानगर के हिंदुमल कोट से लेकर दक्षिण में बाड़मेर के शाहगढ़ बाखासर गाँव तक विस्तृत है।

❍ रेडक्लिफ रेखा पर पाकिस्तान के 9 जिले पंजाब प्रान्त का बहावलपुर, बहावलनगर व रहीमयार खान तथा सिंध प्रान्त के घोटकी, सुक्कुर, खेरपुर, संघर, उमरकोट व थारपाकर राजस्थान से सीमा बनाते हैं।

❍ राजस्थान के साथ सर्वाधिक सीमा- बहावलपुर

❍ राजस्थान के साथ न्युनतम सीमा- खैरपुर

❍ पाकिस्तान के दो राज्य(प्रांत) राजस्थान से छुते हैं।

1. पंजाब प्रांत
2. सिंध प्रांत

❍ रेडक्लिफ रेखा एक कृत्रिम रेखा है।

❍ राजस्थान से सर्वाधिक सीमा जैसलमेर(464 कि.मी.) व न्युनतम सीमा बीकानेर(168 कि.मी.) की रेडक्लिफ रेखा से लगती है।

❍ रेडक्लिफ के नजदीक जिला मुख्यालय- श्री गंगानगर

❍ रेडक्लिफ के सर्वाधिक दुर जिला मुख्यालय- बीकानेर

❍ रेडक्लिफ पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला- जैसलमेर

❍ रेडक्लिफ रेखा पर क्षेत्रफल में छोटा जिला- श्री गंगानगर

## तथ्य

❍ राजस्थान का गंगानगर शहर पहले एक बड़ा गांव हुआ करता था रामगनगर।

❍ राजस्थान का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला जैसलमेर(38401 वर्ग कि.मी.) है जो भारत का तीसरा बड़ा जिला है( प्रथम- कच्छ, द्वितीय- लदाख या लेह ) तथा सबसे छोटा जिला धोलपुर(3033 किमी.) है।

❍ जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला जयपुर(66.63 लाख) एवं सबसे छोटा जिला जैसलमेर(6.72 लाख) है।

❍ राज्य का सबसे बड़ा नगर जयपुर एवं सबसे छोटा नगर बोरखेड़ा(बांसवाड़ा) है।

❍ राजस्थान के जैसलमेर जिले को सात दिशाओं वाले बहुभुज की संज्ञा दि है।

❍ राजस्थान के सीकर जिले की आकृति अर्द्धचन्द्र या प्याले के समान है।

- राजस्थान के टोंक जिले की आकृति पतंगाकार मानी गई है।

- राजस्थान के अजमेर जिले की आकृति त्रिभुजाकार मानी गई है।

- राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले की आकृति घोड़े के नाल के समान है।

- राजस्थान के दो जिले खंण्डित जिले हैं-1. अजमेर - टॉडगढ़ 2. चित्तौड़गढ़ - रावतभाटा

राजस्थान का सामन्य ज्ञान

General Knowledge | Mathematics | Science

WWW.KNOWLEDGEKAHUB.COM